Alberta

न्यूज़ रिलीज़

# अल्बर्टा निवासियों को रक्षा प्रदान करने के लिए प्राकृतिक गैस छूट प्रोग्राम (Natural gas rebate program) तैयार है

26 सितम्बर 2022 मीडिया पूछताछ

## 1 अक्तूबर से शुरू करते हुए, अल्बर्टा के प्राकृतिक गैस प्रोग्राम के अंतर्गत इन सर्दियों में लाखों अल्बर्टा निवासियों को प्राकृतिक गैस की कीमत में बढ़ोतरी से रक्षा प्रदान की जाएगी।

रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किए जाने, वैश्विक स्तर पर आपूर्ति में कमी तथा अन्य कारणों से पूरी दुनिया के कई देशों द्वारा हाल के महीनों में एनर्जी की कीमतों में बहुत अधिक बढ़ोतरी का सामना किया गया है। अल्बर्टा के प्राकृतिक गैस छूट प्रोग्राम पूरे प्रोविंस में 1.6 मिलियन से अधिक परिवारों, फॉर्म तथा कारोबारों को लागत सुनिश्चितता तथा रक्षा उपलब्ध कराता है।

मासिक $50 विद्युत छूट तथा ईंधन कर स्थिरता के साथ, अल्बर्टा की प्राकृतिक गैस छूट से एनर्जी की उच्च कीमतों से रक्षा प्रदान करते हुए, जीवन यापन की उच्च लागत का सामना करने में मदद मिलेगी।

"परिवारों, फॉर्म तथा कारोबारों को हीटिंग लागतों का प्रबंधन करने में सहायता प्रदान करने और जीवन यापन को सरल बनाए रखने के लिए इस छूट प्रोग्राम के अंतर्गत वास्तविक रक्षा और सुनिश्चितता प्रदान की जाती है। पूरी दुनिया में जीवन यापन की लागत में बढ़ोतरी के साथ, अल्बर्टा के निवासियों को यह भरोसा रखना चाहिए कि यदि प्राकृतिक गैस की कीमतों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी होती है, तो हम उनकी सहायता के लिए छूट प्रदान करने के लिए तैयार हैं। हम अल्बर्टा के निवासियों सहित, ऐसे लोगों को जिन्होंने प्रतिस्पर्धी दर समझौते किए हुए हैं, सर्दियों में आने वाले हीटिंग बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी की संभावना से रक्षा प्रदान कर रहे है।

*डेल नैल्ली, एसोसिएट मंत्री, प्राकृतिक गैस और विद्युत*

## छूट किस तरह से काम करती है

प्राकृतिक गैस प्रोग्राम को 1 अक्तूबर से 31 मार्च के दौरान चलाया जाता है। अल्बर्टा निवासियों द्वारा प्राप्त की जाने वाली छूट की सटीक राशि हर महीने डिफ़ॉल्ट गैर दर पर निर्भर करती है।

यदि किसी विनियमित यूटिलिटी प्रदाता (एटीसीओ गैस नॉर्थ तथा एटीसीओ गैस साउथ, डायरेक्ट एनर्जी विनियमित सेवाओं, या एपेक्स यूटिलिटीज़ के रूप में प्रदत्त) की मासिक डिफ़ॉल्ट प्राकृतिक गैस दर $6.50 प्रति गिगाजूल (gigajoule) से अधिक हो जाती है, तो सरकार द्वारा $6.50 तथा उच्चतम विनियमित दर के बीच के अंतर को कवर करते हुए सभी पात्र उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की जाएगी।

1 अक्तूबर से 31 मार्च तक, यदि किसी समय मासिक डिफ़ॉल्ट दर $6.50 प्रति गिगाजूल (gigajoule) से अधिक हो जाती है, तो सभी पात्र अल्बर्टा निवासियों को छूट जारी की जाएगी ताकि उस महीने उनके द्वारा उपभोग की गई प्राकृतिक गैस या अन्य पेट्रोलियम-आधारित हीटिंग फ्यूल्स की बढ़ी हुई लागतों को कवर करने में उनकी सहायता की जा सके। उदाहरण के लिए, यदि उच्चतम विनियमित दर $7.50 है, तो पात्र उपभोक्ता उस महीने इस्तेमाल किए गए प्रत्येक गिगाजूल (gigajoule) के लिए $1 की छूट प्राप्त करेंगे।

क्योंकि अक्तूबर में उच्चतम मासिक डिफ़ॉल्ट प्राकृतिक गैस दर $5.632 प्रति गिगाजूल (gigajoule) होगी, इसलिए इस महीने छूट उपलब्ध नहीं होगी, लेकिन छूट प्रोग्राम को तैयार कर लिया गया है और यदि इन सर्दियों में प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो परिवारों और कारोबारों की सहायता के लिए इसे लागू किया जाएगा।

प्रत्येक महीने के आरम्भ से पांच कारोबारी दिवस पहले मासिक डिफ़ॉल्ट गैस दर को alberta.ca पर पोस्ट किया जाएगा, ताकि अल्बर्टा निवासी यह जान सकें कि क्या छूट उपलब्ध होगी और वह उस महीने प्रति गिगाजूल कितनी राशि प्राप्त करेंगे।

## प्राकृतिक गैस सिस्टम से जुड़े उपभोक्ता

यदि आप निम्नलिखित में से कोई ऐसे प्राकृतिक गैस उपभोक्ताओं में आते हैं, तो छूट प्रदान किए जाने की स्थिति में आप अपने यूटिलिटी बिल पर स्वचालित रूप से छूट प्राप्त करेंगे:

- आप सिस्टम से जुड़े हैं
- या आपने विनियमित या प्रतिस्पर्धी योजना ले रखी है
- वार्षिक आधार पर 2,500 गिगाजूल (gigajoules) से कम प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल करते हैं

यह विनियमित तथा प्रतिस्पर्धी योजनाओं जैसे नियत-दर समझौतों दोनों पर लागू होती है। यदि आप प्राकृतिक गैस वितरण सिस्टम से जुड़े हैं, तो किसी आवेदन की ज़रूरत नहीं है।

# अन्य हीटिंग फ्यूल्स पर भी छूट प्रदान की जाएगी

कम संख्या में पात्र अल्बर्टा निवासी प्राकृतिक गैस वितरण सिस्टम से जुड़े नहीं हैं तथा वे हीटिंग के प्रयोजनों के लिए प्राकृतिक गैस, प्रोपेन, केरोसीन या हीटिंग आयल का इस्तेमाल करते हैं। ये उपभोक्ता गरमियों के महीनों में सर्दियों के लिए हीटिंग फ्यूल्स को थोक में खरीदने की प्रवृत्ति भी रखते हैं, और छूट इस प्रवृत्ति को परिलक्षित करती है।

आप निम्नलिखित अधिकतम सीमाओं तक जिन महीनों में छूट लागू है, उनमें खरीदे गए फ्यूल के लिए छूट का आवेदन कर सकते हैं:

- प्रोपेन: 16,334 लीटर प्रति माह
- हीटिंग आयल: 10,780 लीटर प्रति माह
- केरोसीन: 11,068 लीटर प्रति माह
- प्राकृतिक गैस: 417 गिगाजूल (gigajoule)प्रति माह

यदि आप इन हीटिंग फ्यूल्स का इस्तेमाल करते हैं, तो आप अक्तूबर में प्रोग्राम की शुरुआत के साथ सीधे ही छूट के लिए alberta.ca पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेल-इन और टेलीफोन विकल्प भी उपलब्ध हैं।

# संक्षिप्त तथ्य

- अल्बर्टा में, डिफ़ॉल्ट विनियमित दरों को पूरे महीने के लिए तय किया जाता है और पूरे महीने इनमें कोई फेरबदल नहीं किया जाता। दरों की स्वीकृति अल्बर्टा यूटिलिटी आयोग द्वारा की जाती है और सरकार इन्हें तय नहीं करती।
- छूट को बिल के प्राकृतिक गैस हिस्से में “जीओए यूटिलिटी कमोडिटी छूट” के अंतर्गत एक लाइन के तौर पर दिखाई देगी।
    - यदि alberta.ca पर पोस्ट की गई मासिक डिफ़ॉल्ट दर $6.50 प्रति गिगाजूल (gigajoule) से अधिक है, तो पात्र उपभोक्ताओं के उस महीने के इस्तेमाल के बिल में छूट को क्रेडिट कर दिया जाएगा।
    - यदि alberta.ca पर पोस्ट की गई मासिक डिफ़ॉल्ट दर $6.50 प्रति गिगाजूल (gigajoule) है या उससे कम है, तो कोई छूट नहीं दी जाएगी तथा उस महीने के बिल में कोई लाइन आइटम दिखाई नहीं देगा।

- छूट, संबंधित बिलिंग महीने पर लागू की जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि अक्तूबर में डिफ़ॉल्ट दर $6.50 प्रति गिगाजूल (gigajoule) से ऊपर जाती है, तो छूट को उस बिलिंग अवधि को कवर करने वाले बिलों में प्रदान किया जाएगा।

- प्रत्येक ग्राहक के यूटिलिटी प्रदाता के बिलिंग चक्र पर निर्भर करते हुए, छूट प्राप्त करने का सटीक समय अलग-अलग होगा।

- पेट्रोलियम-आधारित हीटिंग फ्यूल्स के लिए छूट की गणना प्राकृतिक गैस उपभोक्ताओं की विधि के अनुसार ही की जाएगी, जिसमें वैकल्पिक फ्यूल के उपभोग की समकक्षता को निर्धारित करने के लिए मानकीकृत समीकरण का इस्तेमाल किया जाता है।

- ऐसे उपभोक्ता जो प्राकृतिक गैस सिस्टम से जुड़े हैं और उनका यह मानना है कि वे पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, लेकिन उन्हें मासिक छूट प्राप्त नहीं हुई है, तो वे सहायता के लिए यूटिलिटी उपभोक्ता एडवोकेट से 310-4822 या UCAhelps@gov.ab.ca से संपर्क कर सकते हैं।

- ऐसे उपभोक्ता जो प्राकृतिक गैस सिस्टम से नहीं जुड़े या अन्य पात्र हीटिंग फ्यूल्स का इस्तेमाल करते हैं, उनसे संबंधित जानकारी को इस प्रोग्राम के शुरू होने के बाद ऑनलाइन पोस्ट किया जाएगा।

- अल्बर्टा सरकार द्वारा छूट प्रोग्राम के लिए टेक्स्ट या ईमेल आदि नहीं भेजे जाएंगे तथा सरकार द्वारा अल्बर्टा निवासियों से छूट प्राप्त करने के लिए टेक्स्ट या ईमेल के ज़रिए व्यक्तिगत जानकारी भेजने के लिए नहीं कहा जाएगा।

## संबंधित जानकारी

- एनर्जी अफॉर्डेबिलिटी प्रोग्राम

## मीडिया पूछताछ


### मार्जियोक्स मैरोन

780-554-1866
चीफ ऑफ स्टाफ, प्राकृतिक गैस और विद्युत